तापमान
अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

12 रेलवे की लापरवाही से तंदवाल स्टेशन बना बिना...



12 आज का मानव भी अपने जीवन-रूपी कर्मक्षेत्र में...



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक टली

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 21 जनवरी को किया जाना था। लेकिन प्रशासनिक कारणों से यह बैठक आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दी है।

### शाहबाद में रोजगार मेले का आयोजन आज

**थानेसर।** जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, शाहबाद के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन करवाया जा रहा है। इस रोजगार मेले मे 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा व आईटीआई पास प्रार्थी भाग लेने के पात्र है।

### डाहर में दो लाख रुपये का सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर के रकबे में स्थित की विकास मल्होत्रा की फैक्टरी से अज्ञात लोगों ने हाई वोल्टेज तार, बिजली का स्टार्टर, मोबाइल फोन चोरी और एक कर्मचारी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इधर, विकास की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया और घटनास्थल की जांच की। इधर, विकास का दावा है कि चोरी की इस घटना से उनका दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

### इसराना में स्कूल बस चालक को पीटा

पानीपत। पानीपत के गांव इसराना में डीएस मेमोरियल स्कूल गांव जौंधन कला की बस के चालक शमशेर के साथ छह युवकों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के समय बस में विद्यार्थी सवार थे। चालक के साथ मारपीट होती देख बस में सवार विद्यार्थी डर गए। इधर, स्कूल बस ड्राइवर शमशेर निवासी गांव इसराना ने अपनी मेडिकल जांच करवा कर इसराना पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

## 25 जनवरी तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव

# बीन की धुन और ढोल की थाप ने बदला सरस्वती महोत्सव की फिजा का रंग, लोक कलाकारों ने पर्यटकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

सर पर पगड़ी हाथ में बीन लेकर जब लोक कलाकार अपने बीन रुपी वाद्य यंत्र में सांस फूंकते है तो, इस बीन से निकलने वाली स्वर लहरी का जादू पर्यटकों के सर चढ़कर बोलने लगता है।

इतना ही नहीं बीन और ढोल की थाप के इस अनोखे संगम से निकलने वाली धुनों से इस महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक अपने आपको थिरकने से रोक नहीं पाता है और जमकर नृत्य करता है। अहम पहलू यह है कि 19 जनवरी से 25 जनवरी तक चलने वाले अंतर्राष्टराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में लोक कलाकारों की अनोखी लोक कला को देखकर पर्यटक मंत्र मुग्ध हो रहे है।

**खास बातें**

- महोत्सव के दूसरे दिन बीन से निकली स्वर लहरी ने पर्यटकों को किया झूमने पर मजबूर

### महोत्सव के यादगार पलों को कैमरों में कैद कर रहे

पिहोवा में वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देते कलाकार।



### कलाकारों की जमकर कर रहे प्रशंसा

#### हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड और प्रशासन के तत्वावधान में हो रहा कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 में इन लोक कलाकारों की बीन से निकलने वाली धुन ने महोत्सव की फिजा को बदलने का काम किया है। महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इन लोक कलाकारों की जमकर प्रशंसा करते नजर आ रहा है। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड और प्रशासन के तत्वावधान में पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर 19 जनवरी से 25 जनवरी तक अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में एनजेडसीसी की तरफ से लोक कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। पिहोवा सरस्वती तीर्थ के पावन तट पर इन लोक कलाकारों ने अपनी अदभूत लोक कला से सभी को थिरकने पर मजबूर किया है। इतना ही नहीं इस महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इस महोत्सव के यादगार पलों को अपने-अपने कैमरों में कैद करता हुआ नजर आ रहा है।

## शादियों के नाम पर ठगी करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़

# शातिर 'लुटेरी दुल्हन' पंजाब से पकड़ी गिरोह के 7 सदस्य पहले ही गिरफ्तार

*आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें पंजाब और हरियाणा के विभिन्न संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही थी।*

### थाना पंजोखरा साहिब पुलिस ने की कार्रवाई अब चल रही है पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

पुलिस ने शादियों के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस शातिर दुल्हन के सात सहयोगियों को पहले पकड़ा जा चुका है। पटवी चौकी प्रभारी एसआई भंवर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 'लुटेरी दुल्हन' को पंजाब के धुरी के जनता नगर से काबू किया है।दरअसल जटवाड़ के तेजिंद्र सिंह ने 9 मार्च 2025 को आरोपी महिला व उसके सहयोगियों के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता था गिरोह के सदस्य शादियों में शामिल होकर कुंवारे लड़कों की जानकारी जुटाते थे। फिर शादी का झांसा देकर बातचीत आगे बढ़ाते थे। शादी के कुछ दिन बाद, जब दुल्हन 'फेरा' डालने के बहाने अपने मायके जाती, तो वह वर पक्ष द्वारा दिए गए कीमती गहने, नकदी और शगुन के पैसे समेट कर फरार हो जाती थी। वारदात के बाद गिरोह के सभी सदस्य अपना ठिकाना बदल लेते थे ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सकें।



**अंबाला।** पुलिस के हत्थे चढ़ी शातिर दुलहन। फोटो : हरिभूमि

### रिमांड पर लेने की तैयारी

पुलिस द्वारा जांच में अब तक आरोपी महिला द्वारा की गई तीन शादियों का रिकॉर्ड प्राप्त हुआ है। तेजिंद्र सिंह के साथ भी आरोपियों ने ऐसा ही किया था। तेजिंद्र से शादी रचाकर महिला उसका कीमती सामान व गहने लेकर फरार हो गई थी। आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें पंजाब और हरियाणा के विभिन्न संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। आरोपी महिला के सात सहयोगियों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। अब पुलिस द्वारा आरोपी महिला को रिमांड पर लेने की तैयारी हो रही है। रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि उसने अब तक कुल कितने लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया है। इस गिरोह में अन्य कौन-कौन शामिल हैं।

# गांजा व स्मैक सप्लायर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने एक स्थान से हजारों रुपये के नशीले पदार्थ (गांजा पत्ती) के साथ एक आरोपी व दूसरे स्थान से स्मैक तस्करी करने के सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया और जांच शुरु कर दी। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव परवालो के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में कोई नशीला पदार्थ तस्करी करने के लिए मोटरसाइकिल पर घूम रहा है।

सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई कुलदीप, राजेंद्र, पंकज, ललित व विमल की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर बाइक पर घूम रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर ईटीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में बुलाया गया। जिनकी मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से हजारों रुपये कीमत की 2 किलो 160 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान बिहार के गांव धरहरा निवासी महादेव मठ के रुप में हुई।



### तस्करों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी सूरत में अवैध रुप से नशा का धंधा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### कोर्ट में किया पेश

एंटी नारकोटिक सैल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि दूसरे स्थान से हमीदा निवासी समीर को स्मैक सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी समीर मुर्गा बेचने का काम करता है और इसी आड़ में तस्करी करता है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेशकर जांच शुरु कर दी।

आरोपी वर्तमान में पांसरा क्षेत्र स्थित प्लाइवुड फैक्टरी के क्वार्टर में रहा है। आरोपी बिहार से नशीले पदार्थ लाकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता है।

# ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चुराई नकदी व चांदी के आभूषण

- चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर नकदी तथा लाखों रुपये के चांदी के गहने चोरी कर लिए। साढौरा निवासी हेमंत वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रसूलपुर में ज्वेलर्स की दुकान है। 19 जनवरी को देर शाम वह दुकान बंद करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान के शटर का लगा ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से पांच हजार कैश, 70 चांदी के कड़े, चांदी के पेंडल व अन्य जेवर गायब मिले। जब उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो रात को तीन बजे से लेकर पौने चार बजे तक चोर दुकान में चोरी करते हुए मिले। उसने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है।

# छात्रों को नशा न करने की दिलाई शपथ

- बदरपुर व रंदौली में नशा मुक्त हरियाणा मिशन पर जागरूकता कार्यक्रम

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल के सहयोग से जीएसएसएस बदरपुर और गांव रंदौली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने की। डा. इरम हसन ने छात्रों, स्टाफ, पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों को नशा मुक्त हरियाणा मिशन की जानकारी दी। अभियान के तहत 250 छात्रों और 100 ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर केस स्टडी के माध्यम से जानकारी दी गई और शपथ ग्रहण सत्र भी कराया गया। रजनी की टीम ने नाटक प्रस्तुत किया, वहीं स्टाफ ने कविता पाठ किया।



**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन की अध्यक्षता में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को किया जागरूक। *फोटो : हरिभूमि*

# हादसे में बंगाल निवासी युवक की मौत

**यमुनानगर।** एनएच-344 पर गांव सुढैल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पश्चिम बंगाल के युवक की मौत हो गई। मृतक जम्मू कश्मीर में माली का काम करता था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के जिला जलपाईगुड़ी निवासी आर्यन कारवा ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसका चचेरा भाई 32 वर्षीय सुरज टोपो पेशे से माली था और करीब एक वर्ष से जम्मू-कश्मीर में माली का काम कर रहा था। सुरज लगभग एक माह पहले अपने घर जलपाईगुड़ी परिवार से मिलने आया था। इसके बाद सूरज टोपो 11 जनवरी को न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर वापस जम्मू-कश्मीर अपने काम पर जाने के लिए निकला था।

### गांव सुढ़ैल के पास हुआ हादसा

15 जनवरी की शाम को सूरज टोपो की अपनी बहन निशा कारवा से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। जिसमें सूरज ने बताया था कि उसका बैग ट्रेन में छूट गया है। 16 जनवरी को यमुनानगर पुलिस द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि सूरज टोपो का यमुनानगर क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया है और दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई है। सूचना के बाद वह यमुनानगर पहुंचे। सुरज वाहन की चपेट में आने से बुरी तरह से कुचला हुआ था। उसकी कपड़ों व जूतों से शिनाख्त हुई। जम्मू जाते समय वह यमुनानगर कैसे आया। इसका उनको कुछ पता नहीं है। बहरहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम और सभी उपमंडलों में भी होंगे आयोजन

# विस अध्यक्ष हरविंदर कल्याण गणतंत्र दिवस पर करनाल में करेंगे ध्वजारोहण

### जिले में पूरी गरिमा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि गणतंत्र दिवस जिले भर में पूरी गरिमा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह के साथ-साथ सभी उपमंडलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले वे कर्ण पार्क के पास शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। उपमंडल स्तर पर इंद्री में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी में विधायक भगवानदास कबीरपंथी, घरौंडा में विधायक जगमोहन आनंद और असंध में विधायक योगेंद्र राणा ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियां, स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी शो और पुलिस, गृह रक्षी, एनसीसी एयर व आर्मी विंग तथा प्रजातंत्र के प्रहरी की प्लाटून द्वारा मार्चपास्ट किया जाएगा।

### एसडीएम ने समारोह के सफल आयोजन को लेकर की बैठक



**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय इंद्री मे अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम अनिल कुमार।

**इंद्री।** एसडीएम अनिल कुमार ने अपने कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली । इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को अनाज मंडी इंद्री में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को की जाएगी। कार्यक्रम की गरिमा के अनुसार सभी अधिकारी समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए इसके आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा और गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर आयोजन को सफल बनाए। बैठक के दौरान एसडीएम ने विभागों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाए और आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में विद्यालयों की सहभागिता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, मंच एवं ध्वनि प्रणाली, आमंत्रण पत्र तथा दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# एनडीए में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों ने लहराया परचम



- यह गुरुकुल हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात

**कुरुक्षेत्र।** एनडीए में गुरुकुल कुरुक्षेत्र से चयन का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है, पिछले सप्ताह जहाँ गुरुकुल के तीन छात्रों ने एसएसबी इन्टरव्यू में सफलता हासिल की थी, वहीं अब यह आंकड़ा सात हो गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो इस वर्ष गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 7 छात्रों ने सेना में बड़े अधिकारी बनने का सपना लगभग पूरा कर लिया है। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गुरुकुल प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित अन्य फैकल्टी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि इस सप्ताह गुरुकुल के छात्र भव्य स्वामी, सूर्यवंश प्रताप सिंह, अर्पित कुमार एवं कार्तिक ने एनडीए हेतु लिए जा रहे एसएसबी साक्षात्कार को उत्तीर्ण कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। इससे पहले इसी गुरुकुल के ही छात्र प्रदुमन ठाकुर, जितेन्द्र कुमार और नवदीप कुण्डू ने एसएसबी इन्टरव्यू में कामयाबी हासिल की और भारतीय सेनाओं में उच्चाधिकारी बनने के सपने को पूरा किया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह गुरुकुल के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है। सफलता का श्रेय आचार्यश्री के ओजस्वी मार्गदर्शन, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार की कार्यकुशलता, इंस्ट्रक्टर बलवान सिंह, अशोक चौहान, अध्यापकों व छात्रों की कठिन मेहनत को जाता हैं। गुरुकुल में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर फोकस होता है जिसके लिए निदेशक महोदय के निर्देशन में एक-एक अध्यापक व संरक्षक निष्ठा के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन करता है, जो गुरुकुल के छात्रों की सफलता का मूलमंत्र साबित हो रहा है।

### डीईसीई प्रारंभिक बाल शिक्षा में करियर के लिए उपयोगी : पाल

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (डीईसीई) प्रारंभिक बचपन देखभाल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है। यह थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण देता है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। यह कार्यक्रम क्रेच, प्री-स्कूल, नर्सरी, आंगनवाड़ी व बालवाड़ी जैसी व्यवस्थाओं में काम करने वालों के लिए उपयोगी है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है और दाखिलों की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है।



## खबर संक्षेप



### अमन खान हरियाणा स्टेट वेट लिफ्टिंग में ने जीता कांस्य

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के बीएससी स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष के छात्र शाह अमनखान ने गत दिवस सोनीपत के मुरथल में आयोजित हुई हरियाणा स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 60 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्र शाह अमनखान के कालेज में पहुंचने पर प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है।

कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि गत दिवस सोनीपत के मुरथल में हरियाणा स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कालेज के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।

### सीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपेगा संघ : तंवर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परिसर में हरियाणा कौशल रोजगार संघ की कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता संघ के प्रधान गुरदीप तंवर ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आगमन पर संघ अपनी मांगों को लेकर उनको एक ज्ञापन सौंपेगा व अपनी समस्याओं को तुरंत हल करने की मांग करेगा। इसमें प्रमुख रूप से जॉब सिक्योरिटी एक्ट में पूरा हरियाणा के विश्वविद्याल्यों मे कार्यरत कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को शामिल करवाना, अनुभव के आधार पर तुरंत वेतन बढ़ाना आदि मुख्य मांगों में शामिल रहेगा।

### 26 जनवरी को होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे आरम्भ होगा जिसमें 18 से 65 वर्ष का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

## नगर निगम टीम ने कचरा वाहन में कूड़ा डालने के दिए आदेश

# खुले में गंदगी डालने पर दो शराब ठेकों के कारिंदों व ढाबा संचालक का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

### शराब ठेके के करिंदों का दो हजार का चालान, दोबारा गंदगी होने पर होगा सामान जब्त



यमुनानगर। खुले में गंदगी फैलाने वालों के चालान काटते हुए नगर निगम की टीम।

खुले में गंदगी डालने वालों की अब खैर नहीं होगी। खुले में जो भी दुकानदार या अन्य नागरिक कचरा डालेगा तो उसके खिलाफ नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में नगर निगम की टीम ने वर्कशॉप रोड पर ढाबा संचालक, फरकपुर व जोड़ियों में दो शराब ठेके के कारिंदों पर कार्रवाई की।

ढाबा कारिंदों और ढाबा संचालक द्वारा खुले में गंदगी डाली हुई थी। जिस पर शराब ठेके के कारिंदों के दो दो हजार रुपये और ढाबा संचालक का 500 रुपये का चालान किया। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा खुले में गंदगी डाली तो दुकान का सामान जब्त किया जाएगा। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देश पर एसआई सुशील शर्मा के नेतृत्व में निगम की टीम फरकपुर में पहुंची। इस दौरान टीम ने फरकपुर में एक शराब ठेके के कारिंदे द्वारा ठेके के पास गंदगी फैलाई हुई मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि गंदगी ठेके के कारिंदे द्वारा फैलाई हुई है। जिसके बाद शराब ठेके के कारिंदे का मौके पर ही दो हजार रुपये का चालान किया गया और गंदगी को मौके से साफ कराया गया। इसके बाद टीम ने शहर को जोड़ियो के पास भी शराब ठेके के बाहर गंदगी फैली हुई मिली। जांच करने पर पता चला कि यह गंदगी शराब ठेके के कारिंदे द्वारा डाली गई थी। निगम की टीम ने उसका भी दो हजार रुपये का चालान किया। साथ ही ठेके के कारिंदों को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा यहां गंदगी डाली तो सामान जब्त किया जाएगा। निगम द्वारा उन्हें केवल निगम के वाहन में ही कचरा डालने के निर्देश दिए गए। इसके बाद निगम की टीम ने वर्कशॉप रोड पर ढाबा संचालक का खुले में गंदगी डालने पर पांच सौ रुपये का चालान किया।

साथ ही उसे समझाया गया कि वह अपना सामान केवल अपनी दुकान के अंदर ही रखे। खुले में कचरा न फैलाएं और न ही सामान सड़क तक फैलाएं। नगर निगम टीम ने दुकानदारों और आमजन से शहर में साफ-सफाई करने व कूड़ा न फैलाने की अपील की।

### डस्टबिन में रखें दुकान से निकलने वाला कचरा

निगम के एसआई सुशील शर्मा ने दुकानदारों को समझाया कि दुकान से निकलने वाला कचरा केवल अपने डस्टबिन में रखें। जब निगम की गाड़ी उनकी दुकान के पास आए तो वह कचरा उस वाहन में डालें। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने के लिए सभी नगर निगम का सहयोग करें। कोई भी नागरिक खुले में व नालों नालियों में कचरा न डालें। कचरा केवल डोर टू डोर आने वाले नगर निगम के वाहनों में ही डालें। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में सभी निगम का सहयोग करें। शहर में साफ सफाई होने पर बीमारियों का खतरा कम होता है।

## फसल-नस्ल को बचाने के लिए किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे



यमुनानगर । कस्बा रादौर के गांव पोटली में नारेबाजी करते भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### धरने पर किसानों से मिलने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा रादौर के गांव पोटली में रास्ते की मांग को लेकर लगभग साढ़े महीने से किसान धरने पर बैठे है। मंगलवार को किसानों से मिलने भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा नंबरदार व जिला प्रधान सुभाष गुर्जर धरना स्थल पर पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में सरकार व प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान महेंद्र कांबोज चमरोडी विशेष रूप से मौजूद रहे। सुभाष गुर्जर ने कहा कि किसान अपने रास्ते को लेकर मैदान में डटे हैं। उन्होंने कहा कि किसान अपना हक मांग रहे हैं। अपनी फसल और नस्ल को बचाने के लिए किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। चाहे कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। रास्ता हमारा है हमारे कब्जे में है और हम लेकर रहेंगे। हाईवे के अधिकारियों ने अपनी गलती मान ली है। उन्होंने कहा कि हम उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। अब रास्ते को लेकर मुख्यमंत्री व हाईवे के बड़े अधिकारियों के बीच वार्तालाप होगी। उनके आदेशों का भी इंतजार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे किसान भी यही है। हमारी कसिया भी यही है। हमारे ट्रैक्टर भी यही है। हर हालत में रास्ते को लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को जींद में प्रदेश स्तरीय गणतंत्र दिवस रतनमान की अध्यक्षता में मनाया जाएगा। रामराय गांव से गुलकनी गांव तक हजारों ट्रैक्टरों के साथ ट्रैक्टर परेड होगी। जिसमें पूरे प्रदेश के किसान शामिल होंगे। यमुनानगर से भी सैकड़ो किसान अपनी गाडियों के साथ इस परेड में शामिल होंगे।

## कार सवार दो दोस्तों के साथ की मारपीट

### पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कहासुनी होने पर आधा दर्जन युवकों ने हमीदा बंद फाटक के पास कार सवार दो दोस्तों के साथ मारपीट की। जिससे दोनों दोस्त घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्शन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के पुराना हमीदा निवासी विजय कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी को रात आठ बजे वह अपने दोस्त गांव कश्मीरगढ़ निवासी प्रिंस के साथ कार में सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह हमीदा बंद फाटक के पास पहुंचे तो उनकी वहां पर बिट्टू, अक्षय, यस, विक्रम, बंटी व यश के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनकी कार को रोककर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### रास्ता रोककर व्यक्ति के साथ की मारपीट

गांव पम्मूवाला निवासी बलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के ही मनी, सोमनाथ, नसीब, राजेश, सुनील, अनिल, बचाना राम, जसबीर, प्रदीप व रामकुमार ने 19 जनवरी को दोपहर तीन बजे उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर किए फल वितरित



रादौर। ईंट भट्टे पर बच्चों को फल वितरित करते जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा सदस्यों द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी ने ईंट भट्टे पर पहुंचकर मजदूरों में फल वितरित किये।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी ने बताया कि भाजपा पार्टी ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत व लग्न से कोई भी मुकाम हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री भी कभी भाजपा पार्टी का एक साधारण कार्यकर्ता था। परंतु अपनी मेंहनत के कारण वह प्रधानमंत्री बन गए। भाजपा पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं के लिए आगे बढने का सुनहरा अवसर होता है। इस अवसर पर सुरेंद्र टोपरा, देव मुंजाल, जय भगवान टोपरा, इंद्रपाल, पवन आदि मौजूद रहे।

## छात्रा अंशिका सैनी बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आदिबद्री में सरस्वती उद्गम स्थल पर आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर(यमुनानगर) के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मंगलवार को स्कूल में पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. बिंदू शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने बताया कि सरस्वती महोत्सव कार्यक्रम में उनके विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा अंशिका सैनी ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का स्वागत करते हुए प्राचार्या व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

वहीं, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र आदित्य ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं से उपयोगी और आकर्षक कलाकृतियां बनाकर पर्यावरण संरक्षण और पुनः उपयोग का सशक्त संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों में नवाचार, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा। जो समाज और पर्यावरण के लिए सकारात्मक संदेश दें। स्कूल प्रबंधक समिति के सचिव विकास शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खरकाली में मनाई सैनिक की पुण्यतिथि

### सैनिक कर्म सिंह को मिला था सेना में परमवीर चक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। कस्बा रादौर में पुण्यतिथि पर जानकारी देते चेयरमैन डा. अमन पंजेटा।

गुरुकुल खरकाली में मंगलवार को सैनिक की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर चेयरमैन डा. अमन पंजेटा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में नायक कर्मवीर सिंह पहले जीवित व्यक्ति थे जिन्हें सरकार द्वारा परमवीर चक्र देकर सम्मानित किया गया था। चेयरमैन डा. अमन पंजेटा ने कहा कि नायक कर्मसिंह का जन्म 15 सितंबर 1915 को ब्रिटिश भारत के पंजाब में बरनाला जिले के सेहना गांव में एक सिख जाट परिवार में हुआ था। उनके पिता उत्तम सिंह एक किसान थे। उन्होने बताया कि 15 सितम्बर 1941 को उन्होंने सिख रेजिमेंट की पहली बटालियन में दाखिला लिया। द्वितीय विश्व युद्ध के बर्मा अभियान के दौरान एडमिन बॉक्स की लड़ाई में उनके आचरण और साहस के लिए उन्हें मिलिट्री मैडल से सम्मानित किया गया था। एक युवाए युद्ध-सुसज्जित सिपाही के रूप में उन्होंने अपनी बटालियन में साथी सैनिकों से सम्मान अर्जित किया। उन्होने बताया कि 1947 में भारत की आजादी के बाद भारत और पाकिस्तान ने कश्मीरी रियासत के लिए लड़ाई लड़ी। 23 मई 1948 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों से टिथवाल पर से कब्जा वापस ले लिया। 13 अक्टूबर की रात को रीछमार गली पर भयानक लड़ाई के दौरान लांस नायक करम सिंह 1 सिख की अग्रिम टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। लगातार पाकिस्तानी गोलीबारी में कर्मसिंह ने घायल होते हुए भी साहस नहीं खोया और एक और सैनिक की सहायता से वह दो घायल हुए सैनिकों को साथ लेकर आए थे। युद्ध में कर्मसिंह जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए ग्रेनेड फेंकते रहे।

### दो युवकों ने महिला से झपटी सोने की बालियां

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव लाहड़पुर में बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कानों से सोने की बालियां झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव लाहड़पुर निवासी रेशमा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर तीन बजे गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उसके कानों से सोने की बालियां झपट ली। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया पूर्वाभ्यास

### रिहर्सल में विद्यार्थियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करते हुए स्कूलों के बच्चे।

गणतंत्र दिवस पर तेजली खेल परिसर में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों की रिहर्सल की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं एसडीएम विश्वानाथ ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। इस मार्च पास्ट में जिला पुलिस, जिला महिला पुलिस, गृह रक्षी विभाग की टुकड़ी के साथ साथ एनसीसी लड़के व लड़कियों की टुकडियां, गर्ल्स गार्डस और स्काऊट तथा स्कूली बच्चों का बैंड शामिल होगा। इसके अलावा स्कूली विद्यार्थियों द्वारा योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए सूर्य नमस्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि समारोह में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी के विद्यार्थियों द्वारा गिद्दा, होली मदर पब्लिक स्कूल, मुकुंद लाल पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता पर नाटक मंचन की रिहर्सल की जा रही है।

## हैकस्ट्रा-2025 नेशनल इनोवेशन कल्चर में हैकाथॉन जेएमआईटी प्रथम

### स्पर्धा में टीम कोड लायंस ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के छात्रों ने हैकस्ट्रा-2025 नेशनल इनोवेशन कल्चर राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी, दुर्गापुर व अनस्टॉप के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें 1000 से अधिक पंजीकृत टीमों ने भाग लिया। जिनमें से केवल 500 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया। जेएमआईटी की टीम कोड लायंस ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जिसमें असाधारण नवाचार, तकनीकी महारत और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में अक्षित राय कक्कड़ टीम लीडर, दीपांशु बत्रा, अनुभूति शर्मा व अक्षित अग्रवाल शामिल थे। इस टीम ने एक एकीकृत, स्केलेबल और पारदर्शी हैकाथॉन प्रबंधन प्रणाली विकसित की। जो हैकाथॉन के पूरे जीवनचक्र में संचालन को सुव्यवस्थित करती है। मूल्यांकन में निष्पक्षता, ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करती है। जेएमआईटी के महासचिव डा. रमेश कुमार और निदेशक डा. एस-के. गर्ग ने छात्रों की समर्पणए कड़ी मेहनत की सराहना की। जेएमआईटी के कर्मचारियों ने टीम कोड लायंस को इस शानदार जीत पर बधाई दी है।

## श्री लाल मंदिर में धूमधाम से मनाया बाबा लाल का जन्म उत्सव

# बाबा लाल के दरबार में होती है हर इच्छा पूर्ण : मेहता

### 23 जनवरी को धूमधाम सें मनाया जाएगा 13वें गुरु ब्रह्मलीन द्वारका दास महाराज का जन्मोत्सव एवं बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीलालद्वारा मंदिर में हवन यज्ञ करते हुए श्रद्धालु।

श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में बाबा लाल जी का मंगलवार को 671वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ किया और सभी के लिए सुख स्मृद्धि की मंगलकामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने कहा कि सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज की महिमा अपरंपार है। उनके दर पर जो भी आया कभी खाली हाथ नहीं गया। निःसंतान सुख संपत्ति मांगने वालों की अरदास भी पूरी ही हुई। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव में सुबह के वक्त आयोजित हवन यज्ञ में ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एवं अलका मेहता मुख्य यजमान रहे। इस दौरान आचार्य गोपाल राज व अन्य विद्वानों ने विधि विधान के साथ यज्ञ संपूर्ण करवाया। इसके बाद झंडा रस्म अदा की गई।

### बाबा लाल की देश और विदेशों में है 22 गद्दीयां

मेहता ने बताया कि बाबा लालजी का जन्म सन 1355 ई को लाहौर में हुआ था। छोटी सी उम्र में ही बाबा लाल जी ने अनेकों सिद्धियां प्राप्त कर ली थी। इस दौरान चैतन्य स्वामी जी ने उन्हें आत्मज्ञान का बोध करवाया। बाबा लालजी ने अपना जीवन लोगों के कल्याण व धर्म प्रचार में लगाया। बाबा लाल जी की देश व विदेश में 22 गद्दीयां हैं। जहां पर यह जन्म दिवस आज बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। आचार्य नितिन कृष्ण दास जी महाराज ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, सतगुरु लाल सांवरिया तेरे। सतगुरु आ जाओ सतगुरु आ जाओ, दर्श दिखा जाओ, दर्श दिखा जाओ भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए।

‘सरस्वती नदी - भारतीय ज्ञान प्रणाली और संस्कृति की जननी’ विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस

# सरस्वती नदी के तट पर भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता हुई विकसित : भारत भूषण भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी भारत भूषण भारती ने कहा कि सरस्वती नदी के तट पर ही भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी का वर्णन हमें वेदों, ग्रंथों में पवित्र नदी एवं वाणी की देवी सरस्वती के रूप में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी वेद और वैज्ञानिक दोनों रूपों में प्रमाणिक है। यह उद्गार उन्होंने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलेपमेंट बोर्ड, पंचकुला व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सरस्वती शोध उत्कृष्टता केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती नदी - भारतीय ज्ञान प्रणाली और संस्कृति की जननीह विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। भारत भूषण भारती ने कहा कि सरस्वती को खोजने के अभियान का भगीरथ प्रयास माननीय दर्शन लाल जैन के सानिध्य में ही शुरू हुआ। जिनके दृढ़ संकल्प को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साकार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के माना गांव में दर्शन लाल जैन की अगुवाई में सरस्वती नदी के पुनः उद्धार का कार्य 1984 में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के आदिबद्री से शुरू होकर सरस्वती नदी सिरसा हैड तक 400 किलोमीटर क्षेत्र में अविरल प्रवाहित हो रही है। हरियाणा सरकार का भी यह प्रयास है कि पूरे 12 महीने पवित्र सरस्वती नदी में जल की धारा बहती रहे। सरस्वती को आस्था के केन्द्र में विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों को चिन्हित कर घाट भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में आई भारी बारिस के पानी को भी सरस्वती नदी ने अपने में समाहित किया तथा फसलों को खराब होने से बची। इसके साथ ही उन्होंने सरस्वती नदी को प्रदूषित होने से बचाने की मुहिम की बात भी की।



कुरुक्षेत्र। सनातन एवं संस्कृति विषय की स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण।

## सरस्वती नदी पर शोध केंद्र का उद्घाटन

कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सरस्वती नदी बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परम्परा की जननी है। उन्होंने केयू स्थित सरस्वती केन्द्र का नाम दर्शन लाल जैन सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर रिसर्च ऑन सरस्वती रिवर करने की उद्घोषणा करते हुए कहा कि यह माननीय दर्शन लाल जैन द्वारा सरस्वती के जीर्णोद्धार को लेकर किए गए कार्यों के प्रति कृतज्ञता है। उन्होंने कहा कि केयू ने एनईपी 2020 को पूरे भारत में सर्वप्रथम सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। इसके साथ ही एनईपी के अनुरूप इसी दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरस्वती नदी के महत्व को शैक्षिक स्तर पर ले जाने के लिए वैल्यू एडेड कोर्स भी शुरू किए गए है, ताकि युवा पीढ़ी इसके वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व को भी समझ सके। इसके साथ ही उन्होंने जापान देश में स्वच्छता के लिए मानवीय एवं चारित्रिक मूल्यों की सराहना करते हुए इसे अपनाने की बात भी कही। इस अवसर पर कांफ्रेंस में प्रो. प्रीति जैन, प्रो. डीएस राणा, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. परमेश कुमार, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशिका डॉ. जिम्मी शर्मा, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. हरविन्द्र सिंह लोंगोवाल सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## *सनातन एवं संस्कृति विषय की स्मारिका का भी विमोचन किया*

*इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सनातन एवं संस्कृति विषय की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। सरस्वती हैरिटेज डेवलमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच ने वीडियों के माध्यम से दिखाया कि किस प्रकार सरस्वती नदी का आदिबद्री से उद्गम होते हुए पूरे हरियाणा में 400 किलोमीटर तक इसके जल प्रवाह को विकसित किया गया। उन्होंने छिल्लौर रामपुर, इस्सरगढ़, संघौर, बादली, कोल्हापुर, बीबीपुर झील सहित कई गांवों मे बनाए जल संरक्षण के स्रोतों को भी दिखाया जिसमें सरस्वती नदी भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ बाढ़ की स्थिति को भी नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के तटों के मुख्य स्थानों पर पिंड दान स्थल भी बनाए गए है जो हमारी आध्यात्मिकता के केन्द्र बिन्दू है। दीनबंधु छोटूराम साइंस एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलगुरु प्रो. एसपी सिंह ने नदियों के संरक्षण की बात करते हुए प्रकृति एवं समाज के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता पूर्व कुलगुरु रमेश चंद भारद्वाज ने कहा कि भारतीय समाज ने विश्व कल्याण के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा जैसी चिंतन परम्पराएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में साहित्यिक संदभ, ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक तथा लोक परम्पराएं शामिल हैं। केयू डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि सरस्वती नदी आज भी प्रवाहमान है। उन्होंने कहा पहले इतिहास में हमें मैसोपोटामिया, पनामा की संस्कृति पढ़ाई जा रही थी लेकिन माननीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भारतीय संस्कृति संबंधी पाठ्यक्रम निर्माण का अहम कार्य शुरू हुआ।*

## सरस्वती तीर्थ स्थल पर जल्द महकेगी देश की आधुनिक मूर्तिकला की महक : किरमच

पिहोवा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर जल्द ही भव्य व आधुनिक मूर्ति कला की महक चारों तरफ बिखरेगी। इस पावन तट पर देश के जाने माने कलाकार काले पत्थरों को तराश कर बेहद सुंदर मूर्तियां तैयार करेंगे। इन मूर्तियों को सरस्वती के तट पर सजाया जाएगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच पिहोवा सरस्वती महोत्सव में हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, एसडीएम अनिल कुमार दून, मार्किट कमेटी चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने विधिवत रूप से राष्ट्रीय शिविर का शुभारंभ किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती तीर्थ को पर्यटन के रूप में विकसित करने तथा सरकार की कला और संस्कृति को विकसित करने और सहेजने की नीति के तहत ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार आधुनिक खूबसूरत मूर्ति शिल्प को लेकर राष्ट्रीय शिविर लगाया जा रहा है। इस शिल्प कला के लिए 16 काले पत्थर की चट्टान भी तीर्थ स्थल पर पहुंच चुकी है। अब आगामी 15 दिनों में हरियाणा व दूसरे राज्यों से आए शिल्पकार पत्थरों को तराश कर सौंदर्यीकरण व संस्कृति को दशार्ती 16 मूर्तियों का निर्माण करेंगे।



▶ चेयरमैन श्रवण गर्ग ने महोत्सव के दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया

# सरस्वती तीर्थ पर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान का विशेष महत्व



पिहोवा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि पिहोवा मां सरस्वती तीर्थ एक ऐतिहासिक तीर्थ है। यहां पर विभिन्न प्रदेशों से लोग अपने पूर्वजों व पितरों के आत्मसमर्पण के लिए धार्मिक अनुष्ठान के लिए यहां पर आते है। पिहोवा पृथुदक के नाम से भी जाना जाता है। यह एक धार्मिक नगरी है। इस पवित्र तीर्थ पर अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 का आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जा रहा है। चेयरमैन श्रवण गर्ग मंगलवार को महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन श्रवण गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लगातार प्रस्तुतियां स्कूलों के विद्यार्थियों तथा कलाकारों द्वारा दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में मंगलवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीता मॉडल स्कूल की छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सरदार तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, जिला परिषद चेयरमैन कवलजीत कौर, मार्किट कमेटी चेयरमैन तरणदीप सिंह वडैच आदि मौजूद रहे।

### *दर्शक उठा रहे खरीदारी का लुत्फ*

*हरियाणा गौ-सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि आमजन को देश की पुरातन सभ्यता से जोड़ने और उससे आत्मसात करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का अहम योगदान है। इस प्रकार के महोत्सवों में शिकरत करने से हमें अपने देश के पुरातन और ऐतिहासिक पहलुओं को जानने का शुभअवसर प्राप्त होता है। चेयरमैन श्रवण गर्ग मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पहुंचे और महोत्सव में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड लगाई गई प्रदर्शनी, सरस मेले में स्थापित किए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया।*

# सीएम बसंत पंचमी के दिन देंगे 64 करोड़ की 26 परियोजनाओं की सौगात : किरमच

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कुरुक्षेत्र, यमुनानगर व कैथल के नागरिकों को करीब 64 करोड़ रुपए की लागत की 26 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सरस्वती तीर्थ स्थल के लिए एक बड़ी परियोजना की भी घोषणा कर सकते है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पिहोवा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन समारोह बसंत पंचमी के समापन समारोह पर 23 जनवरी को सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र की 12, कैथल की 5 और यमुनानगर की 9 हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की 3 डिवीजनों की योजनाओं और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं पर कुल 64 करोड़ रुपए की अनुमानित राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को सुबह 9 बजे 2100 विद्यार्थी सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम स्थल पर संत सम्मेलन का आयोजन होगा। इस संत सम्मेलन में सरस्वती नदी के किनारें स्थित मंदिरों के साधू संत शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज भी पहुंचेंगे।


पिहोवा। जानकारी देते हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच। फोटो : हरिभूमि

## युवा जजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 31 को

कुरुक्षेत्र। युवा जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 31 जनवरी 2026 को युवा प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला करेंगें। पंजाबी धर्मशाला में ये बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगी। इस बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। प्रदेश के युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी।



# मांगों को लेकर नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ का रोष प्रदर्शन 28 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा ने की जिसमें भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला का सानिध्य मिला। बैठक में प्रदेश भर के अन्य विश्वविद्यालयो के अध्यक्ष/ संयोजक व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय जॉब सुरक्षा अधिनियम 14 अगस्त 2024 में जो हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश भर में कार्य कर रहे 1.20 लाख कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा अधिनियम 2024 देने की बात कही थी उसको सरकार ने पूर्ण किया। लेकिन जब 25 दिसंबर 2025 को सुशासन दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जॉब सुरक्षा पोर्टल लॉन्च किया तो उसमें जानकारी मिली की विश्वविद्यालय में लगे किसी भी कर्मचारी को यह सुरक्षा नहीं मिलेगी। तो विश्वविद्यालय में लगे सभी कर्मचारियों में मायूसी छा गई।

### आपातकाल बैठक का आयोजन

जानकारी देते हुए कर्मचारी नेता प्रवीण ने बताया कि इसी को मध्य नजर रखते हुए इस आपातकाल बैठक का आयोजन किया और हरियाणा सरकार के खिलाफ एक आंदोलन करके प्रत्येक कर्मचारी को जॉब सुरक्षा अधिनियम का लाभ दिलवाया जाए ऐसी रणनीति नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ ने तय की। इसके तहत 28 जनवरी को हरियाणा के प्रत्येक विश्वविद्यालय में रोष प्रदर्शन किया जाएगा और अपनी मांगों का मांग पत्र प्रदेश के राज्यपाल के नाम कुलपति के माध्यम से भेजा जाएगा और उसी दिन एक मांग पत्र हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम सभी जिलों के उपायुक्तों के माध्यम से भेजा जाएगा। बैठक में नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा, प्रदीप, कुलदीप, प्रवीण, प्रदीप, कुलदीप, जगदीश लूना आदि मौजूद रहे।



## डिप्टी डीईओ पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर किया स्वागत

कुरुक्षेत्र। हजरस कुरुक्षेत्र की टीम ने डीपीसी कुरुक्षेत्र कृष्ण कुमार तथा जिला उप शिक्षा अधिकारी बलवीर कश्यप को डिप्टी डीईओं का पदभार कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने संघ को आश्वासन दिया कि जेबीटी व अन्य अध्यापकों से संबंधित सभी कार्यों का उचित समय पर समाधान किया जाएगा तथा सभी अध्यापकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में राज्य प्रेस सचिव नरेश फुले, राज्य सदस्य रमेश रंगा जी, थानेसर अध्यक्ष मनोज मेहरा, लाडवा ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, बबैन ब्लॉक अध्यक्ष बिंटू राम तथा राजेंद्र टंडन, भगत सिंह, राजेश नरवाल, राजिंदर आदि मौजूद रहे।



## विकसित भारत के लिए स्वदेशी एकमात्र विकल्प

कुरुक्षेत्र। देश प्रेम को बढ़ावा देने व शहीदों की याद में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देश भर में 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस से लेकर 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मध्य स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्या भारती कन्या विद्यालय अमीन रोड में स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य सुमन बाला ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने के लिए स्वदेशी ही एकमात्र विकल्प है। इसके लिए हम सबको मिलकर जन जन तक स्वदेशी अपनाने का संदेश देना होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट अजय जांगड़ा ने उपस्थित शिक्षकों व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश स्वदेशी अपना कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसका मुख्य कारण देशवासियों का स्वदेशी का अपनाना है। हमारी सैन्य शक्ति के बलबूते पर हमने ऑपरेशंस सिंदूर को कामयाब बनाया है और दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मंडल अध्यक्षों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला एवं बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह व भाजपा महिला मंडल मोर्चा की अध्यक्ष गीता शर्मा ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि माननीय नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव कार्यकतार्ओं से आत्मीय जुड़ाव और मजबूत नेतृत्व क्षमता भाजपा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। नितिन नबीन के मार्गदर्शन में पार्टी जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। भाजपा बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने कहा कि नितिन नबीन जी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व का विषय है। उनका समर्पण, अनुशासन और संगठन के प्रति निष्ठा कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा देगा। भाजपा महिला मंडल मोर्चा की अध्यक्ष गीता शर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा ऐसे अनुभवी और कर्मठ नेता को संगठन की कमान सौंपना गर्व की बात है, नितिन नबीन खुद युवा हैं और आज का वोटर भी युवा है। इस अवसर पर पिहोवा के कार्यकतार्ओं में उत्साह का माहौल है और सभी ने एकजुट होकर पार्टी को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



## स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक थे महाराणा प्रताप : कलसाना

शाहबाद। कलसाना गांव स्थित ट्विंकल पब्लिक स्कूल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना, स्कूल प्रबंधक हरदीप राणा, प्रिंसिपल मीना विनोद, हवाना नरेश खेड़ा, सतीश कुमार एवं श्याम रावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा महाराणा प्रताप जी केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक थे। उन्होंने जीवनभर विदेशी सत्ता के सामने झुकने के बजाय संघर्ष का मार्ग चुना। आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा और समाज निर्माण में आगे आना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को महाराणा प्रताप जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों की जानकारी दी गई और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया।



# लाडवा सीएचसी में होगी एडवांस गायनेकोलॉजी व आर्थोपेडिक्स ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार के सहयोग से आदेश अस्पताल मोहड़ी ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला चिकित्सा अधिकारी सुखबीर मैहला के माध्यम से आदेश अस्पताल की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में प्रत्येक मंगलवार को एडवांस गायनेकोलॉजी ओपीडी और प्रत्येक बुधवार को आर्थोपेडिक्स ओपीडी होगी। जिसका का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। आदेश के एमडी डा. गुणतास सिंह गिल, सीएचसी लाडवा के एसएमओ डा. कृष्ण कांत ने ओपीडी की विधिवत शुरूआत की। डा. गुणतास सिंह गिल ने बताया कि इन विशेष ओपीडी सेवाओं के माध्यम से महिलाओं से संबंधित जटिल रोगों, गर्भावस्था से जुड़ी समस्याओं, हड्डी व जोड़ संबंधी बीमारियों, चोट, दर्द और आर्थोपेडिक्स परामर्श जैसी सुविधाएं अब सीएचसी स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जमीनी स्तर पर आधुनिक और विशेष चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। डा. गिल ने कहा कि यह पहल लाडवा और आसपास की जनता के लिए एक उपहार है और आम नागरिक इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आदेश अस्पताल हरियाणा सरकार के सहयोग से गांव-गांव तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं ले जाने के लिए लगातार कार्य करता रहेगा।



## गांव बिहौली में संकीर्तन में गायक सोमदत्त हुनर ने बांधा समां

# खाटू श्याम के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु


कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित पुस्तक भेंट करते डॉ. सुरेश मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने को गांव बिहौली कुरुक्षेत्र में विशेष मां दुर्गा के विशेष संकीर्तन और भंडारे के पावन अवसर पर अंजू राणा धर्मपत्नी चेतन राणा के परिवार को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित वात्सल्य प्रज्ञा पुस्तक भेंट की गई। गांव कराल माजरा के सुप्रसिद्ध भजन गायक सोमदत्त हुनर और उनकी जागरण मंडली ने मां दुर्गा और भगवान कृष्ण और खाटू श्याम बाबा के भजन गाए।

### वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना और आरती करवाई

इस शुभ अवसर पर भक्त सुशील तलवाड़,निशा अरोड़ा , कोमल मेहरा,आशा कवात्रा और शिमला, निर्मला आदि के साथ सभी भक्तों ने मां दुर्गा की भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया। वैदिक मंत्रों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना और आरती करवाई। भजन गायक सोमदत्त हुनर को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित पुस्तक दाम्पत्य प्रज्ञा भेंट की गई। डॉ. मिश्रा ने भगवान और सदगुरु के सद्गुणों का गुणगान किया और सभी का जीवन मंगलमय हो उसके लिए मां दुर्गा का ध्यान और सामूहिक प्रार्थना की।

### प्रेम और भक्ति से करें भगवान का सुमिरन

हम सभी को प्रेम और भक्ति से भगवान का ध्यान और सुमिरन करना चाहिए। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया का सनातन धर्म में बहुत योगदान है। सनातन धर्म के मुख्य 4 आयाम है। अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष। ट्वीटर के माध्यम से समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि आत्म स्मरण साक्षी है। साक्षी का एक पैर भीतर परमात्मा में है और दूसरा पैर बाहर संसार में है। साक्षी का तादात्म्य निराकार से है और भ्रमण संसार में है। साक्षीत्व ही संतत्व है।

**खबर संक्षेप**

### हसला ने किया बीईओ का अभिनंदन

**बराड़ा।** खंड के शिक्षा विभाग में नव-नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा का हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिनंदन कार्यक्रम में हसला खंड प्रधान संजीव सिरस्वाल, प्रवक्ता टिक्का सिंह राणा, प्राध्यापक कपिल कुमार जैन, प्राध्यापक जगतार सिंह, हजरस प्रधान एवं प्राध्यापक विरेंद्र कुमार, भौतिकी प्रवक्ता राम सिंह, विकास धीमान, भौतिकी प्राध्यापक, रमेश कुमार, रसायन प्राध्यापक कुशाग्र शर्मा, प्राध्यापक राका दीप वर्मा, प्राध्यापक करमवीर सिंह सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समापन समारोह की शुरुआत एनएसएस प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा प्राचार्या डॉ. दिलजीत कौर विर्क, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा बैरागी एवं अन्य प्राध्यापकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विर्क ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों, अधिकारियों एवं शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों की सराहना की तथा छात्राओं को समाज सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया।

### गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी करके चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने संलिप्त आरोपी मुस्तफा, मुकेश कुमार उर्फ मन्नु, विशाल कुमार उर्फ विशु, अलादिता उर्फ अब्दुल को गिरफ्तार किया है। इनमें से आरोपी बादल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया व अन्य आरोपियों का 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। 2 सितंबर 2025 को कर्मचंद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 के दौरान आरोपी मुकेश कुमार उर्फ मन्नु, मुस्तफा, विशाल कुमार उर्फ विशु, अलादिता उर्फ अब्दुल व बादल ने हॉर्लिक्स के 478 डिब्बे चोरी करने का

## प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में नौ दिवसीय भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत सत्संग समारोह

# आज का मानव भी अपने जीवन-रूपी कर्मक्षेत्र में चिंताओं और कामनाओं की सेना के बीच खड़ा है: कमलानंद गिरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता सनातन धर्म की ऐसी अनमोल धरोहर है। इसमें सभी ग्रंथों और पुराणों का सार समाया हुआ है। गीता का ज्ञान गागर में सागर के समान है जो मानव को जीने की कला सिखाता है। यह सदविचार अंबाला शहर के नावल्टी रोड स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित हो रही नौ दिवसीय भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत सत्संग समारोह के प्रथम दिन श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने गीता के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की भीषण परिस्थितियां, 18 अक्षौहिणी सेनाओं का जमघट, हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की हिनहिनाहट, रथों की गड़गड़ाहट, योद्धाओं की गर्जना और अस्त्र-शस्त्रों की खन-खनाहट के बीच अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से गीता का ज्ञान प्राप्त किया। जिसके प्रभाव से अर्जुन ने इस लोक में विजय और परलोक में सुयश प्राप्त किया। स्वामी ने कहा कि आज का मानव भी अपने जीवन-रूपी कर्मक्षेत्र में चिंताओं और कामनाओं की सेना के बीच खड़ा है। काम, क्रोध जैसे शत्रुओं का घोरनाद, लोभ और मोह के बंधन तथा कंचन और कामिनी की चकाचौंध उसे विचलित करती है। जो व्यक्ति इन सबके बीच गीता ज्ञान को अपने हृदय में धारण करता है, उसके लोक-परलोक दोनों संवर जाते हैं और वह समस्त विघ्न-बाधाओं पर विजय पाता है।

> गीता का ज्ञान गागर में सागर के समान है जो मानव को जीने की कला सिखाता है।


अंबाला। सत्संग समारोह में गीता ज्ञान की अमृतवर्षा करते हुए श्री कमलानंद गिरि महाराज एवं उपस्थित लोग।

### गीता समस्त शास्त्रों का सार

स्वामी ने कहा कि ब्रह्मांड नायक, सद्गुण-चिद्गुण-आनंदगुण से परिपूर्ण परमात्मा श्रीकृष्ण ने विशादग्रस्त अर्जुन को गीता का उपदेश देकर उसका समस्त मोह नष्ट कर दिया। गीता समस्त शास्त्रों का सार है। जिसने गीता के ज्ञान को अपने जीवन में उतार लिया, वह जीवन-मुक्त हो जाता है और सदा के लिए तनाव से निवृत्त हो जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अंधकार में प्रवेश करने में भय लगता है, किंतु प्रकाश आते ही भय दूर हो जाता है, वैसे ही हृदय में अज्ञान रूपी अंधकार है। जब ज्ञान रूपी प्रकाश प्रवेश करता है, तो जीवन की सभी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाता है। व्यक्ति को प्रारब्ध से मिलने वाला दुःख सीमित होता है, किंतु अज्ञान से मिलने वाला दुःख अधिक होता है। ज्ञान के द्वारा ही सुख का प्रवेश संभव है।

## कम कमीशन मिलने पर ठेकेदार ने स्टेशन को जड़ा ताला

# रेलवे की लापरवाही से तंदवाल स्टेशन बना बिना टिकट यात्रियों का अड्डा

***टिकट काउंटर बंद होने से यात्रियों को मजबूरन बिना टिकट करनी पड़ रही यात्रा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

रेलवे की लापरवाही और गलत नीतियों का नतीजा गांव तंदवाल व आसपास के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल तंदवाल गांव के रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग काउंटर बंद होने से यहां से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को मजबूरन बिना टिकट के ही यात्रा करनी पड़ रही है। हालत यह है कि पिछले 4 दिन से रेलवे स्टेशन पर ताला लटक रहा है। रेलवे प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। बता दें कि गांव 1957 में बने तंदवाल गांव के इस स्टेशन को रेलवे की ओर से वर्ष 2005 से ठेके पर चलाया जा रहा है।

इस स्टेशन का मौजूदा ठेका दिसंबर 2026 तक था, लेकिन कमीशन की राशि कम होने से नाराज़ ठेकेदार ने 16 जनवरी को ही कामकाज ठप कर टिकट बिक्री बंद करते हुए स्टेशन पर ताला लगा दिया। हैरानी की बात तो यह है कि ठेकेदार द्वारा रेलवे को इसकी पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद रेलवे प्रशासन ने यहां पर कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। रेलवे ठेकेदार बराड़ा स्टेशन से विभिन्न स्टेशनों की टिकटें लाकर तंदवाल स्टेशन पर बेचता था जिसकी एवज में रेलवे की ओर से ठेकेदार को एक तय कमीशन मिलती थी। कोरोना काल के बाद ट्रेनों के संचालन में आई गिरावट के कारण टिकट बिक्री बेहद कम हो गई। ठेकेदार की मानें तो उसे दिनभर की मेहनत के बाद मात्र 100 से 150 रुपये ही कमीशन के रूप में मिलते हैं। ऐसे में इस राशि से परिवार चलाना तो दूर, स्टेशन संभालना भी उसके लिए संभव नहीं रहा। सोमवार को जब यात्री टिकट लेने पहुंचे तो काउंटर बंद मिला।

मजबूरी में सभी को बिना टिकट यात्रा करनी पड़ी। यह स्थिति सीधे तौर पर रेलवे नियमों का उल्लंघन है, लेकिन सवाल यह है कि जब टिकट देने वाला ही मौजूद नहीं है तो यात्री क्या करें? स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे के इस मामले में ढुलमुल रवैये ने सभी ईमानदार यात्रियों को भी अपराधी की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। जो लोग रोजाना काम-धंधे की तलाश में अंबाला जाने के लिए ट्रेन में यात्रा करते हैं। उन्हें न चाहकर भी बिना टिकट के ही यात्रा करनी पड़ रही है। पढ़ा-लिखे लोग तो ऑनलाइन टिकट लेकर यात्रा कर सकता है लेकिन अशिक्षित, बुजुर्ग और ग्रामीण यात्री जिनको ऑनलाइन साधनों के बारे में जानकारी नहीं है। ऐसे में उन यात्रियों के लिए गंभीर समस्या है। हैरानी की बात यह है कि चार दिन बीत जाने के बाद भी स्टेशन पर न तो कोई अस्थायी टिकट काउंटर खोला गया और न ही किसी रेलवे कर्मचारी की तैनाती की गई। ताकि लोगों को टिकट मिल सके।


बराड़ा। तंदवाल रेलवे स्टेशन का बाहरी दृश्य और टिकट लेने आने वाले यात्री।

### स्टेशन 2005 से चल रहा ठेके पर

- मौजूदा ठेका दिसंबर 2026 तक वैध था, लेकिन कमीशन कम होने से ठेकेदार ने 16 जनवरी को काम बंद कर दिया। ठेकेदार ने पहले ही रेलवे को सूचना दी थी, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। ठेकेदार बराड़ा स्टेशन से टिकट लाकर तंदवाल स्टेशन पर बेचता था कोरोना काल के बाद ट्रेन संचालन घटने से टिकट बिक्री बेहद कम हो गई।

### दे चुके थे सूचना

कमीशन की पैमेंट बहुत ही कम थी, इससे घर का गुजारा नहीं चल रहा था, मैंने स्टेशन को बंद करने की पूर्व सूचना समय रहते ही रेलवे स्टेशन बराड़ा और अंबाला को दे दी थी।
-सुशील कुमार, ठेकेदार।

### चार दिन से नहीं बिकी टिकट

पिछले चार दिन से यहां से एक भी टिकट की बिक्री नहीं हो सकी है। ऐसे में रेलवे की चुप्पी तो इसी बात की ओर इशारा कर रही है कि यात्रियों की समस्याएं उनकी प्राथमिकता में नहीं हैं। टिकट न मिलने के कारण जहां एक ओर यात्रियों को परेशानी हो रही है, वहीं रेलवे का राजस्व भी सीधे तौर पर नुकसान में जा रहा है। टिकट न मिलने से यात्री बिना टिकट यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं और रेलवे को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब ठेका दिसंबर 2026 तक वैध था तो बीच में स्टेशन बंद कैसे हो गया?, ठेकेदार द्वारा पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद भी रेलवे की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई?


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए कांग्रेसी।

# मनरेगा खत्म करने पर तुली मोदी सरकार, गरीबों के हक पर सीधा हमला

***सांसद वरुण चौधरी ने मनरेगा को लेकर मोदी सरकार पर चलाए शब्दवाण***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने मोदी सरकार पर मनरेगा को सुनियोजित तरीके से खत्म करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना नहीं, बल्कि गरीबों के काम करने के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमला है। वे कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लागू मनरेगा ने पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण भारत को संबल दिया है। इसके तहत 180 करोड़ से अधिक कार्य-दिवस, गांवों में 10 करोड़ से ज्यादा परिसंपत्तियों का निर्माण और पंचायती राज व्यवस्था को वास्तविक अधिकार मिले। कोविड-19 जैसे अभूतपूर्व संकट में यही योजना करोड़ों ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा बनी। लेकिन अब भाजपा सरकार इसे जानबूझकर कमजोर कर रही है।

### मनरेगा पर भाजपा की जनविरोधी नीति

सांसद ने कहा कि पहले मनरेगा के तहत हर ग्रामीण परिवार को काम की कानूनी गारंटी थी और 15 दिन के भीतर रोजगार देना अनिवार्य था। अब भाजपा सरकार इस अधिकार को खत्म कर मनरेगा को केंद्र की मर्जी से बांटी जाने वाली "रेवड़ी योजना" में बदलना चाहती है। उन्होंने प्रदेश के आंकड़े रखते हुए कहा कि राज्य में 8 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिक हैं, लेकिन उनमें से महज 2100 लोगों को ही 100 दिन का रोजगार मिला। यह आंकड़ा भाजपा सरकार के गरीब विरोधी चेहरे को बेनकाब करता है। उन्होंने कहा कि कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है। चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के खर्च का 40 प्रतिशत बोझ राज्य सरकारों पर डालकर उन्हें आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश की है। पहले मजदूरी का पूरा भुगतान केंद्र करता था, जिससे काम आसानी से मिलता था। अब पैसे बचाने के लिए राज्यों को काम बंद करने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत इस जनविरोधी साजिश के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि काम के अधिकार, मजदूरी के अधिकार और जवाबदेही के अधिकार से कोई समझौता नहीं होगा।



### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन को पूर्व राज्य मंत्री गोयल ने दी बधाई

**अंबाला।** भाजपा नेता नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टीश के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। असीम गोयल ने कहा कि नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व क्षमता भाजपा संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। नबीन ने अब तक अपने राजनीतिक और संगठनात्मक जीवन में अनुशासन, समर्पण और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा देशभर में संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने विश्वास जताया कि नितिन नबीन के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और जनसेवा, राष्ट्रहित तथा पार्टी के मूल सिद्धांतों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

## मैक्स अस्पताल मोहाली ने एडवांस्ड रेडिएशन थेरेपी तकनीक एज (3.0) को इंट्रोड्यूस किया

***एज (3.0) से कैंसर की व्यापक श्रेणी का इलाज संभव***

**चंडीगढ़।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली ने अपनी एडवांस्ड कैंसर केयर सर्विस को मजबूत करते हुए मंगलवार को सबसे एडवांस्ड रेडिएशन थेरेपी तकनीक एज (3.0) को इंट्रोड्यूस किया, जो हाइपरआर्क और सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी के साथ इंटीग्रेटेड है। डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी , डॉ. सजल कक्कड़ ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह अत्याधुनिक तकनीक बेजोड़ सटीकता, नॉन -इनवेसिव और पेन फ्री एप्रोच से रोगियों के तेजी से ठीक होने में मदद करती है । डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी , डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने कहा, "एज (3.0) रेडियो सर्जरी और रेडियोथेरेपी के रेडिएशन में एक महत्वपूर्ण



कदम है। यह प्रणाली चिकित्सकों को असाधारण सटीकता, फ्लेक्सिबिलिटी और दक्षता के साथ कैंसर की एक वाइड रेंज का इलाज करने में सक्षम बनाती है। इसकी सब-मिलीमीटर प्रिसिशन, हाइपरआर्क के स्वचालित रेडियोसर्जरी वर्कफ़्लो के साथ मिलकर, उपचार के समय को काफी कम करते हुए और रोगी के आराम को बढ़ाते हुए हाइली टार्गट रेडिएशन डिलीवरी की अनुमति देती है। एज (3.0) की शुरुआत हमें अपने कैंसर उपचार प्रोटोकॉल में अत्याधुनिक तकनीक को इंटीग्रेटेड करने की अनुमति देती है, डॉ. कक्कड़ ने कहा।


# पत्नी की बेवफाई से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

## मरने से पहले बनाई वीडियो, फिर अपलोड कर जहर निगला

***युवक का आरोप शादी के बाद महिला ने कर दिया बर्बाद***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पत्नी की बेवफाई से तंग आकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही साहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अंबाला छावनी सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान मिठ्ठापुर गांव के संदीप के तौर पर हुई है। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर था। उसकी 12 साल पहले पंजाब की युवती से शादी हुई थी। मरने से पहले बनाए वीडियो में संदीप कह रहा है कि पत्नी होटल में कमरा लेकर रहती थी। पहले मुझे उस पर बहुत मान था। उसके लिए लोगों से लड़ जाता था। 12 साल में मुझे पत्नी ने बर्बाद कर दिया। संदीप के पिता बलविंदर सिंह ने बताया कि संदीप की शादी करीब 12 साल पहले पटियाला में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके बेटे संदीप सिंह और उसकी पत्नी के बीच मतभेद शुरू हो गए थे। शादी के बाद से दोनों की कोई औलाद नहीं हुई।



### पारिवारिक कलह ने ली जान

बलविंदर ने आरोप लगाया कि कई बार पारिवारिक स्तर पर समझौते भी कराए गए, लेकिन विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हो सका। मानसिक तनाव के चलते उसके बेटे ने यह कदम उठाया। वीडियो में संदीप कह रहा है कि वह ड्राइवर है। मैंने सब कुछ किया। उसने मुझसे जो चीज मांगी, मैंने लाकर दी। मैं ड्राइवर हूं, कुछ मजबूरियां होती हैं, किराए पर रहता हूं। हम मुश्किल से अपने पैरों पर खड़े हुए और दो टाइम की रोटी खाने लगे। मां बीमार रहती थी, इसलिए मां-बाप ने शादी कर दी। पत्नी की मां ने शादी के बाद ही अलग करवा दिया। हम दूर-दूर रहने लग गए। उसने आगे कहा कि अब शादी के 12 साल हो गए, मेरी जिंदगी खराब हो चुकी है। 12 साल में इसने मुझे तबाह कर दिया। न मुझे कुछ करने दिया और न ही ऊपर उठने दिया। एक लाख रुपए मुझसे लिए थे। इसका फर्ज बनता था कि वे पैसे मुझे वापस कर दे। इन्होंने मुझे बस 60 से 65 हजार रुपए दिए। मैंने ब्याज पर लेकर पैसे दिए थे। उसके 30 हजार रुपए रहते थे। मैंने ये पैसे भरे। अगर मैं मर गया तो मेरी मौत दी जिम्मेदार घरवाली है। इसने मुझे सूली पर टांग दिया। संदीप ने कहा कि आज भी घर आई थी। सरकारी राशन लेकर चली गई। मेरी मां ने उसे रोकने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं रुकी। मैंने फोन किया तो मां ने बात कराई। मैंने उसे कहा कि जुलूस निकल रहा है। इसके बाद वह निकल गई। अब मैं जिंदगी से निकल जाउंगा। उसने गरीब का इकलौता बेटा मरवा दिया।

समाज से निरक्षरता के कलंक को मिटाने में जुटे स्कूली बच्चों को किया सम्मानित

# वायदा निभाने बलाना पहुंचे डीईओ, 15686 साक्षर बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

समाज से निरक्षरता के कलंक को मिटाने की दिशा में चल रहे उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी अम्बाला सुधीर कालड़ा ने अपने वायदे को निभाते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना का दौरा किया। यहां उल्लास परीक्षा में उत्तीर्ण नवसाक्षर लर्नर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्हें साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्कूली बच्चों, शिक्षकों व वालंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2025 में आयोजित उल्लास परीक्षा के दौरान बलाना की महिला लर्नर्स ने डीईओ से वायदा लिया था कि वे परीक्षा उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र उन्हीं के हाथों से लेंगी। तब कुछ बुजुर्ग महिला उल्लास लर्नर्स ने डीईओ को बताया था कि उन्हें साक्षर बनाने का कार्य स्कूल में पढ़ने वाले उनके पोते पोतियां कर रही हैं। इस पर सुधीर कालड़ा ने स्कूल के इन बच्चों को पुरस्कृत करने का भी वायदा किया था। उसी वायदे को निभाने के लिए डीईओ सुधीर कालड़ा स्वयं विद्यालय पहुंचे। इससे कार्यक्रम में विशेष उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला।


अंबाला। साक्षरों को प्रमाण पत्र देते डीईओ सुधीर कालड़ा।

## एसडीएम दर्शन कुमार ने रिहर्सल का किया अवलोकन

# गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यसभा सांसद फहराएंगी ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान अंबाला शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति व पीटी शो के तहत विद्यार्थियों व एनसीसी की टुकड़ी ने बेहतर प्रस्तुति देते हुए पूर्वाभ्यास किया। एसडीएम दर्शन कुमार व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल का अवलोकन किया।


अंबाला। पीटी शो के लिए रिहर्सल करते छात्र।

### विद्यार्थियों ने किया पूर्वाभ्यास

पूर्वाभ्यास के दौरान मास पीटी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, डीएवी सोहन लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एसबीएनएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल व पीकेआर जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, केपीएके महाविद्यालय, कलगीधर कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी का पूर्वाभ्यास किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, पीकेआर जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा कत्थक, पीकेआर जैन वाटिका स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा क्लासिकल डांस, दर्शन एकेडमी अम्बाला छावनी के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस्ड पैट्रियोटिक डांस, ओपीएस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गोंदल डांस, एसपीएस बाल भारती के स्कूल के विद्यार्थियों द्वरारा भंगडा की प्रस्तुति दी गई। पूर्वाभ्यास के दौरान सोहन लाल डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार व डीएवी गुरूकुल दीनारपुर के विद्यार्थियों द्वारा मलखम की प्रस्तुति दी गई।